FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

## सराहनीय कार्य दिनाँक 12-07-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर लुटेरे अभियुक्तगण विकास व सचिन पुलिस मुठभेड़ के दौरान किये गये गिरफ्तार ।

- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी/लूटे गये 05 मोबाइल फोन, 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस व 01 अपाचे मोटरसाइकिल बरामद ।**
- **शातिर अभियुक्त विकास पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुआ घायल..**
- **घायल अभियुक्त विकास को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया...**

वादी प्रेमवीर पुत्र जसवन्त सिंह निवासी खतौली थाना नसीरपुर द्वारा थाना शिकोहाबाद पर लिखित सूचना दी थी कि दिनांक 11.07.2025 को वादी नारायण तिराहा शिकोहाबाद पर खडा होकर फोन पर बात कर रहा था तभी एक सफेद अपाचे मोटरसाइकिल पर 02 लडके आये और झपट्टा मारकर वादी का फोन छीनकर भाग गये। वादी की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 450/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के सफल अनावरण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 12-07-2025 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि लूट की घटना करने वाले अपाचे मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तगण दाहिनी पुलिया की ओर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। सूचना का संज्ञान लेकर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दाहिनी पुलिया पर सघनता से चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था । चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाइकिल पर सवार सदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्तियों की बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ व खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गई, जिसमें 01 संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही घायल अवस्था में तथा 01 अन्य अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त की पहचान विकास पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी मोतीनगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद तथा दूसरे अभियुक्त की पहचान सचिन राठौर पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी एलानी नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। जो कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 450/2025 के वांछित अभियुक्त है। अभियुक्तगण के कब्जे से लूटे गये 05 मोबाइल फोन, 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस व 01 अपाचे मोटसाइकिल बरामद किए गए है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1.विकास पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी मोतीनगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।

2.सचिन राठौर पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी एलानी नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त विकास-**

1.मु0अ0सं0 91/21 धारा 392, 411 भादवि थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

2. मु0अ0सं0 139/21 धारा 392, 411 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

3. मु0अ0सं0 243/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

4. मु0अ0सं0 11/20 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

5. मु0अ0सं0 388/19 धारा 392/411 भादवि थाना-रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

6.मु0अ0सं0 249/19 धारा 392/411 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

7.मु0अ0सं0 440/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

8.मु0अ0सं0 418/21 धारा 392/411 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

9. मु0अ0सं0 763/21 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

10.मु0अ0सं0 450/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 जिन्दा कारतूस।
3. 01खोखा कारतूस।
4. 01अपाचे मोटरसाइकिल।
5. 01 मोबाइल फोन (मु0अ0सं0 450/2025 से सम्बन्धित ) व 04 अन्य मोबाइल फोन।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 मनमोहन सिंह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 निशान्त कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 नवीन कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 रोहित कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 रजत तोमर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 अरविन्द चहल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 737 राजकुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1409 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 962 अमन छौकर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 907 सुमित कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।